
# महंगाई, बेरोजगारी सहित पेट्रोल, डीजल की बढ़ती कीमतों के विरोध में बांटी मेलोडी

**खास बातें**

- कांग्रेस ने रतनबर्री, आप ने बस स्टैंड पर किया प्रदर्शन
- प्रदर्शन के दौरान की जमकर नारेबाजी



नवभारत न्यूज

**सिरोंज 27 मई, सिरोंज क्षेत्र में बुधवार को पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों, महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक एवं किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन किये. देवपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को सिरोंज क्षेत्र के रतनबर्री पेट्रोल पंप के पास पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में अनोखा प्रदर्शन किया. तो वही आप कार्यकर्ताओं ने पुराने बस स्टैंड और पेट्रोल पंप क्षेत्र में प्रदर्शन कर जनता को मेलोडी टॉफी बांटी.**

देवपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा रतनबर्री पेट्रोल पंप के पास आयोजित प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम नागरिकों और वाहन चालकों को मेलोडी टॉफी वितरित कर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नाराजगी जताई. प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की.प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई, ईंधन की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि और किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार पर निशाना साधा. कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने का सीधा असर आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ रहा है. परिवहन खर्च बढ़ने से खाद्य सामग्री सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम भी लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों की परेशानियां बढ़ गई हैं. इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस देवपुर के अध्यक्ष अर्जुन राजपूत ने कहा कि हाल के दिनों में पेट्रोल और डीजल के दाम कई बार बढ़ चुके हैं, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है. और महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है. उन्होंने किसानों की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि किसान कई दिनों तक वेयरहाउस की लंबी कतारों में खड़े रहने को मजबूर हैं. लंबी प्रतीक्षा के बाद ही उनकी उपज की तुलाई हो पा रही है. साथ ही किसान खाद के लिए सोसायटियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों एवं आम जनता की परेशानियों की ओर ध्यान नहीं दे रही है.कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस और मंडलम कांग्रेस के पदाधिकारी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे.

## आप ने महंगाई, बेरोजगारी को लेकर किया प्रदर्शन

आम आदमी पार्टी की सिरोंज इकाई ने बुधवार को महंगाई, पेपर लीक और बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ प्रदर्शन किया. आप कार्यकर्ताओं ने शहर के पुराने बस स्टैंड और पेट्रोल पंप क्षेत्र में आम लोगों के बीच मेलोडी टॉफी बांटी और केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध जताया. इस दौरान आप कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए सरकार पर जनता के अहम मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया. आप नेता रजत सक्सेना ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम आदमी परेशान है, युवाओं के भविष्य से जुड़े पेपर लीक के मामले सामने आ रहे हैं और बेरोजगारी भी गंभीर समस्या बनी हुई है. इन मुद्दों को लेकर आम आदमी पार्टी लगातार जनता के बीच जाकर आवाज उठा रही है. इस मौके पर रजत सक्सेना, डॉ. सोहिल अली, वाजिद खान, जितेंद्र तोमर, अभिषेक धाकड़, राहुल वर्मा सहित बड़ी संख्या में आप कार्यकर्ता मौजूद रहे.

## नटेरन में भी कांग्रेस का प्रदर्शन, पेट्रोल पंप पर बांटी मेलोडी टॉफी



देश में लगातार बढ़ रही महंगाई तथा पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दामों में हो रही वृद्धि के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नटेरन के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनोखा प्रदर्शन किया. कार्यकर्ता स्थानीय पेट्रोल पंप पर पहुंचे और उपभोक्ताओं को मेलोडी टॉफी खिलाकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया.प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती ईंधन कीमतों से आमजन और किसान दोनों प्रभावित हो रहे हैं.खेती-किसानी की लागत बढ़ने के साथ ही रोजमर्रा की वस्तुएं भी महंगी होती जा रही हैं, जिससे लोगों की आर्थिक स्थिति पर असर पड़ रहा है.ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शरद शर्मा ने कहा कि पेट्रोल और डीजल के दामों में लगातार बढ़ोतरी से किसानों, मजदूरों और मध्यमवर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है. उन्होंने मांग की कि सरकार तेल कंपनियों पर लगने वाले टैक्स में कमी करे, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।प्रदर्शन में पूर्व जनपद अध्यक्ष इंदर सिंह यादव, पूर्व जनपद सदस्य रमेश तिवारी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शरद शर्मा, रामसेवक रघुवंशी, कृष्णा विश्वकर्मा, संतोष रघुवंशी आदि कार्यकर्ता शामिल हुए.

## कुरवाई में कांग्रेस का अनोखा विरोध प्रदर्शन, पेट्रोल पंप पर बांटी 'मेलोडी' टॉफी

जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शहर कांग्रेस कमेटी कुरवाई द्वारा बढ़ती महंगाई के विरोध में बीना रोड स्थित पानबाई एनर्जी स्टेशन पर अनोखा और व्यंग्यात्मक प्रदर्शन किया गया. शहर कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद जफर शेख के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल पंप पर पहुंचे उपभोक्ताओं को मेलोडी टॉफी बांटकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया.प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री विदेशों में मेलोनी को मेलोडी खिला रहे हैं, जबकि देश की आम जनता महंगाई की मार से परेशान है. वक्ताओं ने कहा कि पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, बैंकों में नकदी की किल्लत बनी हुई है और मंडियों में किसानों की फसल का



समय पर तौल नहीं हो पा रहा है. ऐसे में आम आदमी आर्थिक संकट से जूझ रहा है, लेकिन सरकार जनता की समस्याओं से बेपरवाह दिखाई दे रही है.कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे सांकेतिक प्रदर्शन बताते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द ही महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा.इस दौरान नगर परिषद उपाध्यक्ष इरफान काजी, अन्नू कासिफ, पार्षद लालू पेंटर, पार्षद सुरेंद्र अहिरवार, वरिष्ठ नेता आबिद खान ठेकेदार, सुनील राय, पूर्व पार्षद एडवोकेट साबिर अली, आशीष जैन दिवाकर, नजीर खान मंसूरी, हनीफ डालडा, मिस्बाहउद्दीन खान, जरदार खान, सोनू पंथी, गणेश राम अहिरवार, राजेश चैंपियन, इफ्तिखार बबलू अली, मुजीब खान, फैजान काजी, सेफ मुक्कदम, राज महावार, शोएब खान मंसूरी, अनस शेख, जैद पिया, सोहेल खान, सिकंदर खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## गुलाबगंज में भी पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के विरोध में कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन

गुलाबगंज में जिला कांग्रेस कमेटी विदिशा के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के विरोध में अनोखा प्रदर्शन किया गया. स्थानीय पेट्रोल पंपों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ग्राहकों और आमजन को मेलोडी टॉफी भेंट कर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रतीकात्मक विरोध जताया.ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजीव दांगी ने कहा कि लगातार बढ़ रही ईंधन कीमतों ने किसानों, मजदूरों, व्यापारियों और आम परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है. पेट्रोल-डीजल महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ रही है, जिसका असर खाद्य सामग्री सहित रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में असफल रही है.कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनजागरण करते हुए सरकार से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी कर आम जनता को राहत देने की मांग की. कार्यक्रम में किसान कांग्रेस अध्यक्ष विक्की शर्मा, जितेंद्र रघुवंशी, प्रताप सिंह लोधी, थानसिंह दांगी, गोपाल शर्मा, विकास दांगी, कपिल दांगी, ताज खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे.कार्यकर्ताओं ने महंगाई के मुद्दे पर जनहित में संघर्ष जारी रखने का संकल्प भी लिया.

## हितग्राही बीमा नवीनीकरण कराएं अवश्य-प्रशासन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना पीएमएसबीवाय और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना पीएमजेजेबीवाय के सभी सम्मानित हितग्राहियों से जिला अग्रणी बैंक कार्यालय द्वारा अनुरोध किया गया है कि वह अपने बीमा पॉलिसियों को सक्रिय रखने के लिए अपने बैंक खातों में आवश्यक न्यूनतम शेष राशि बनाए रखें.इस हेतु दोनों बीमा योजनाओं का वार्षिक प्रीमियम राशि पीएमएसबीवाय हेतु 20 रुपये एवं पीएमजेजेबीवाय हेतु 436 रुपये जिसमें खाते में कुल राशि रु. 456 शेष जमा रखना अनिवार्य है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि पीएमएसबीवाय और पीएमजेजेबीवाय पॉलिसियों का वार्षिक नवीनीकरण 01 मई से 31 मई 2025 के बीच किया जाता है.यदि हितग्राहियों खाते में पर्याप्त धनराशि उपलब्ध नहीं है, तो आपकी पॉलिसी का नवीनीकरण स्वत: ही फेल हो सकता है.



## गौशालाओं में सख्ती से लागू होंगे गौसेवा आयोग के निर्देश

नवभारत न्यूज

**कुरवाई तहसील सभागार में एसडीएम मनीष जैन एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी सुनील शाक्य की मौजूदगी में गौशाला संचालकों की बैठक आयोजित हुई. बैठक में मध्यप्रदेश गौ संवर्धन बोर्ड के निर्देशानुसार गौशालाओं के संचालन संबंधी नियमों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए.**

अधिकारियों ने बताया कि अब गौशालाओं में गौवंश की मासिक ट्रैकिंग, खर्चों का ऑडिट तथा मृत मवेशियों के उचित निस्तारण सहित सभी कार्य नियमानुसार किए जाएंगे. बैठक में कुरवाई और पठारी क्षेत्र की गौशाला समितियों ने पानी, बिजली और अन्य व्यवस्थाओं की समस्याएं रखीं.ग्राम बरखेड़ा पठारी गौशाला के संचालकों ने नए नलकूप की मांग की, वहीं मलियाखेड़ा के सरपंच देशराज सिंह अहिरवार ने बिजली सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही. गौशाला संचालकों ने गोबर गैस संयंत्र, सोलर पंप और खाद निर्माण के लिए अनुदान व सरकारी खरीद व्यवस्था शुरू करने का सुझाव भी दिया.एसडीएम मनीष जैन ने गौशालाओं को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया.

## आदिवासी बस्ती खंदा में दूर हुआ जल संकट

- पीएचई विभाग की त्वरित कार्रवाई से घर-घर पहुंचा पेयजल, ग्रामीणों ने जताया आभार



नवभारत न्यूज

**ग्यारसपुर क्षेत्र की आदिवासी बस्ती खंदा में लंबे समय से बना पेयजल संकट अब दूर हो गया है. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वैकल्पिक व्यवस्था तैयार कर बस्ती के प्रत्येक घर तक पानी पहुंचाने का कार्य शुरू कर दिया है.**

जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे निर्माण कार्य के दौरान बस्ती की मुख्य पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी. पाइपलाइन टूटने के बाद पूरी आदिवासी बस्ती में पेयजल का गंभीर संकट खड़ा हो गया था. ग्रामीणों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा था, जिससे सबसे अधिक परेशानी महिलाओं और बच्चों को हो रही थी.स्थिति गंभीर होने पर ग्रामीणों ने प्रशासन एवं पीएचई विभाग को इसकी सूचना दी. मामले को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों ने तत्काल मौके का निरीक्षण किया और वैकल्पिक जल स्रोत तलाशने का निर्णय लिया. इसके तहत बस्ती से करीब 300 मीटर दूर स्थित दिनेश शर्मा के कुएं को जल स्रोत के रूप में चयनित किया गया. विभाग द्वारा कुएं का गहरीकरण एवं साफ-सफाई कराई गई, ताकि पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जा सके.इसके बाद कुएं में मोटर स्थापित कर पाइपलाइन के माध्यम से बस्ती तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था की गई. विभाग ने अस्थायी समाधान के बजाय व्यवस्थित तरीके से घर-घर पेयजल उपलब्ध कराने की योजना पर कार्य किया. वर्तमान में बस्ती के सभी घरों तक पाइपलाइन के जरिए नियमित पानी पहुंच रहा है.ग्रामीणों ने पीएचई विभाग और प्रशासन की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया है. बस्तीवासियों का कहना है कि अब उन्हें पानी के लिए भटकना नहीं पड़ रहा और पूरे क्षेत्र में राहत का माहौल है.

## प्राचीन जिंद बावड़ी को पुनर्जीवित करने श्रमदान अभियान की शुरुआत

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, मां कर्मा देवी चौराहा स्थित गणगौर वाले बाग के समीप बनी प्राचीन जिंद बावड़ी को पुनर्जीवित करने के लिए अब सामाजिक स्तर पर पहल तेज हो गई है. बावड़ी की सफाई और संरक्षण को लेकर श्रमदान अभियान शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से नागरिकों से जुड़कर इस ऐतिहासिक धरोहर को बचाने की अपील की जा रही है.**

सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बताया कि यह बावड़ी केवल जल स्रोत नहीं बल्कि शहर की ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक पहचान है. वर्षों से उपेक्षा और गंदगी के कारण इसकी स्थिति बेहद खराब हो चुकी है. ऐसे में अब केवल औपचारिक कार्यक्रमों से काम नहीं चलेगा, बल्कि निरंतर श्रमदान और जनसहयोग की आवश्यकता है.अभियान से जुड़े लोगों का कहना है कि बावड़ी की सफाई के लिए नियमित रूप से कम से कम 25 लोगों की आवश्यकता होगी. वहीं जैसे-जैसे सफाई कार्य गहराई तक पहुंचेगा, वैसे-वैसे अधिक लोगों और संसाधनों की जरूरत भी बढ़ेगी.उन्होंने दावा किया कि यदि 50 नागरिक प्रतिदिन केवल 1 से 1.5 घंटे का समय श्रमदान के लिए दें, तो एक सप्ताह के भीतर बावड़ी का स्वरूप पूरी तरह बदला जा सकता है.अभियान के माध्यम से लोगों से अपील की गई है कि वे बिना किसी दिखावे के इस पुण्य कार्य में सहभागी बनें और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण एवं ऐतिहासिक धरोहर बचाने में योगदान दें.श्रमदान का समय प्रतिदिन प्रात: 6:30 बजे से 8 बजे तक निर्धारित किया गया है. अभियान से जुड़े लोगों ने सहयोग करने के इच्छुक नागरिकों से अपना नाम और मोबाइल नंबर दर्ज कराने का आग्रह किया है, ताकि सफाई अभियान को संगठित और प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा सके.

## नेहरू के त्याग, बलिदान और राष्ट्र निर्माण में योगदान को किया याद

**पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि**



नवभारत न्यूज

**नटेरन, भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नटेरन द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने नेहरू जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके त्याग, बलिदान और देश के प्रति समर्पण को याद किया.**

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद शर्मा ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे.उन्होंने देश को लोकतंत्र, वैज्ञानिक सोच और विकास की नई दिशा दी.उनके आदर्श आज भी देशवासियों को प्रेरणा देते हैं. उन्होंने नेहरू जी के आदर्शों को शिरोधार्य कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया.

कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नेहरू जी के योगदान का स्मरण करते हुए कहा कि देश की एकता, शिक्षा, औद्योगिक विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है.सभी ने नेहरू जी अमर रहें के नारों के साथ उन्हें शत-शत नमन किया.इस दौरान पूर्व जनपद अध्यक्ष इंदर सिंह यादव, पूर्व जनपद सदस्य रमेश तिवारी, रामसेवक रघुवंशी, संतोष रघुवंशी, भरत सिंह रघुवंशी, रामस्वरूप जाटव, ओमप्रकाश जाटव, धनराज अहिरवार, अभिषेक दुबे, किशन विश्वकर्मा, मुन्ना जाटव, महेंद्र रघुवंशी, महेंद्र खंगार सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे.

## ईदुज्जुहा पर्व को लेकर सांची में तैयारियां पूर्ण

नवभारत न्यूज

**सांची,,ऐतिहासिक नगरी सांची में मुस्लिम समुदाय के प्रमुख पर्व ईदुज्जुहा को लेकर तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है.**

जानकारी के अनुसार ईदुज्जुहा की नमाज गुरुवार सुबह 7.45 बजे नगर की एकमात्र मस्जिद में अदा की जाएगी. नमाज में मुस्लिम समाज के लोग नए परिधानों में शामिल होंगे. नमाज में बुजुर्गों के साथ युवा एवं छोटे-छोटे बच्चे भी बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे.पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए हैं.नायब तहसीलदार एवं थाना प्रभारी अपने दलबल के साथ मौके पर मौजूद रहेंगे.वहीं नगर परिषद प्रशासन द्वारा पेयजल, साफ-सफाई और बिजली व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की बात कही गई है, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े.बताया जा रहा है कि ईदुज्जुहा को लेकर बकरों की खरीद-फरोख्त पहले ही पूरी हो चुकी है तथा लोग अपने घरों पर धार्मिक परंपराओं के अनुसार कुर्बानी की रस्म अदा करेंगे. मुस्लिम समुदाय में कुर्बानी का विशेष महत्व माना जाता है. मान्यता है कि अल्लाह की राह में दी गई कुर्बानी त्याग, समर्पण और मानवता का संदेश देती है. कुर्बानी के बाद उसका हिस्सा जरूरतमंद और गरीब लोगों में भी वितरित किया जाता है.ईदुज्जुहा पर्व को लेकर मुस्लिम समुदाय में खासा उत्साह देखा जा रहा है. बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है और लोग पर्व की तैयारियों में जुटे हुए है.ईदुज्जुहा का पर्व आपसी भाईचारे, त्याग और मानवता का संदेश देने वाला माना जाता है.

## लोकल यूथ आईडी पुन: चालू करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

- आईडी बंद होने से किसानों के कार्य प्रभावित
- तीन वर्षों से सेवाएं दे रहे सर्वेयरों ने जताई नाराजगी



नवभारत न्यूज

**पठारी. लोकल यूथ सर्वेयरों ने अपनी आईडी पुन: चालू करने की मांग को लेकर तहसीलदार अभिषेक पांडे को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में सर्वेयरों ने बताया कि वे पिछले तीन वर्षों से फसल गिरदावरी, ई-केवाईसी और फार्मर आईडी जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में लगातार सेवाएं दे रहे थे, लेकिन अचानक उनकी आईडी बंद कर दी गई है.**

सर्वेयरों का कहना है कि आईडी बंद किए जाने का कोई कारण भी नहीं बताया गया है. उन्होंने कहा कि सभी सर्वेयरों ने पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ दिन-रात कार्य कर समय से पहले कार्यों को पूर्ण किया, इसके बावजूद उनके पूर्व कार्यों का भुगतान भी अभी तक नहीं किया गया है.ज्ञापन में बताया गया कि आईडी बंद होने से सर्वेयर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और किसानों के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं. किसानों को फसल संबंधी और अन्य ऑनलाइन प्रक्रियाओं में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.सर्वेयरों ने मांग की कि उनकी आईडी जल्द से जल्द पुन: चालू कराई जाए, ताकि किसानों के कार्य समय पर पूरे हो सकें और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो.ज्ञापन सौंपने वालों में हनुमत सिंह राजपूत, संतोष चढ़ार, जितेंद्र ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर, संजू चिढ़ार, शुभम रजक, जितेंद्र पटेल, कृष्णकांत कुर्मी, राजा कुर्मी, दृगपाल सिंह ठाकुर, गजेंद्र लोधी, रामेश्वर लोधी, जगपाल यादव, सतेंद्र अहिरवार सहित अन्य सर्वेयर उपस्थित रहे.

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.

**आयोजन** | **50 से अधिक बालकों एवं युवाओं को दिया गया ढपली वादन, गायन और शुद्ध मंत्र उच्चारण का प्रशिक्षण**

## गायत्री परिवार द्वारा पांच दिवसीय ढपली वादन एवं गायन प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. बरेठ रोड स्थित गायत्री प्रज्ञापीठ पर अखिल विश्व गायत्री परिवार बासौदा शाखा द्वारा पूज्य गुरुदेव के सूक्ष्म संरक्षण में पांच दिवसीय ढपली वादन, गायन एवं शुद्ध मंत्र उच्चारण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का समापन श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ.**



कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था संस्था की मुख्य ट्रस्टी पूनम तिवारी एवं सहायक मुख्य ट्रस्टी सुनीता माथुर द्वारा की गई. शिविर के संचालन और प्रशिक्षण में गायत्री परिजन वेद प्रकाश खरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही.शिविर में लगभग 50 बालकों, युवाओं एवं बड़ों को ढपली वादन, गायन, कर्मकांड तथा शुद्ध मंत्रोच्चारण का प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को संस्कारित एवं अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा भी दी गई. इसमें गोविंद माथुर का विशेष सहयोग रहा.कार्यक्रम के समापन अवसर पर तीन कुंडीय गायत्री यज्ञ आयोजित किया गया, जिसमें गायत्री मंत्र एवं वैदिक मंत्रों के माध्यम से विश्व कल्याण और सद्बुद्धि की प्रार्थना की गई. यज्ञ का संचालन परिव्राजक बसंत पांडे द्वारा कराया गया.इस अवसर पर सुरेश सैनी, रघुवीर राय, सूरज सिंह परिहार एवं परिव्राजक बसंत पांडे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए भारतीय संस्कृति, संस्कार और आध्यात्मिक जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला.

कार्यक्रम को सफल बनाने में सांगीता शर्मा, चेतन माथुर, सपना पांडेय, हेमलता कुशवाह, श्याम रघुवंशी एवं जयराम अहिरवार का सक्रिय सहयोग रहा.गायत्री परिवार के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में नवगठित ट्रस्ट मंडल गुरुदेव के बताए मार्गों का अनुसरण करते हुए समाज सेवा और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है. नवगठित ट्रस्ट मंडल में पूनम तिवारी मुख्य प्रबंध ट्रस्टी, सुनीता माथुर सहायक मुख्य ट्रस्टी, सांगीता शर्मा कोषाध्यक्ष, हेमलता कुशवाह, सूरज सिंह परिहार, श्याम रघुवंशी एवं जयराम अहिरवार ट्रस्टी के रूप में कार्य कर रहे हैं. यह ट्रस्ट मंडल आगामी तीन वर्षों तक प्रभावी रहेगा.इसके साथ ही सुरेश सैनी को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का तहसील प्रभारी नियुक्त किया गया है.

## लटेरी में 1.19 अरब से अधिक के सड़क निर्माण कार्यों का भूमि पूजन व लोकार्पण

नवभारत न्यूज

**लटेरी,विधायक उमाकांत शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र में लगभग 108 स्थानों पर करीब 1 अरब 19 करोड़ 24 लाख 45 हजार रुपये लागत के सड़क निर्माण कार्यों की शुरुआत एवं लोकार्पण किया गया.**विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप सार्वजनिक खर्च कम करते हुए वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किया गया. उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा तथा किसानों, विद्यार्थियों और आमजन को सीधा लाभ मिलेगा.उन्होंने पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा को याद करते हुए कहा कि उनके सपनों को साकार करने के उद्देश्य से सड़क विकास महोत्सव आयोजित किया गया है. इसी क्रम में ग्राम बीजूखेड़ी में करीब 8 करोड़ रुपये लागत से बने ब्रिज एवं उच्च स्तरीय सड़क का लोकार्पण भी किया गया.कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे.